**समापन** | पुस्तक मेला का हुआ समापन

# जबलपुर के नवाचारों ने दिखाई समाज और देश को नई राह : सांसद






**जबलपुर, नवभारत।** जिला प्रशासन द्वारा छात्रों और अभिभावकों को रियायती दरों पर निजी स्कूलों की पाठ्यपुस्तकें, यूनिफार्म और सभी शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित किये गये बारह दिनों के पुस्तक मेला का आज रविवार को भव्य समापन हुआ। पुस्तक मेला के समापन समारोह के मुख्य अथिति सांसद आशीष दुबे थे। श्री दुबे ने इस अवसर पर अपने संबोधन में पुस्तक मेला के आयोजन को निरंतरता प्रदान करने के लिये जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की सराहना की। पुस्तक मेला के आखिरी दिन आज खासी भीड़ देखी गई। छात्रों और अभिभावकों ने पुस्तक मेला में कॉपी-किताबों, यूनिफार्म और स्कूल के लिये आवश्यक अन्य सभी शैक्षणिक सामग्री पर मिल रही भारी छूट का लाभ उठाते हुये जमकर खरीदारी की। पुस्तक मेला के समापन दिवस पर भी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया और स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। पुस्तक मेला के समापन समारोह को संबोधित करते हुये सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर को नवाचारों की जननी बताया। उन्होंने कहा कि इस शहर ने हमेशा समाज, प्रदेश और देश को नई दिशा दी है।

पुस्तक मेला ऐसा ही एक अभिनव पहल है, जिसकी शुरुआत अभिभावकों पर निजी स्कूलों की महंगी कॉपी किताबों के पड़ने वाले आर्थिक भार को कम करने के लिये वर्ष 2024 में की गई थी। जबलपुर के इस नवाचार की न केवल प्रदेश के सभी जिलों ने अपनाया, बल्कि देश भर में इसे काफी सराहना मिली। सांसद दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तक मेला एक ही स्थान पर सभी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म, कॉपियां, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स जैसी शैक्षणिक सामग्री न्यूनतम और प्रतिस्पर्धी दरों पर छात्रों एवं उनके अभिभावकों को उपलब्ध कराने में कामयाब रहा है। उन्होंने पुस्तक मेला की साल दर साल बढ़ रही भव्यता की सराहना भी की।

### कापी-किताबें खरीदने का दबाव हुआ कम

श्री दुबे ने पुस्तक मेला में लगाये गये बुक बैंक स्टाल और रीड ऑन रेंट जैसे नवाचारों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बुक बैंक स्टाल के माध्यम से नाम मात्र के शुल्क पर उपलब्ध कराई जा रही पाठ्यपुस्तकों से ऐसे बच्चों को भी अच्छी शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी जिनके अभिभावकों के आर्थिक संसाधन सीमित हैं। सांसद ने कहा कि पुस्तक मेला के आयोजन ने अभिभावकों पर विशेष स्थान से कॉपी किताब खरीदने के दबाब को कम करने में भी सफल रहा है। उन्होंने आने वाले वर्ष में भी नये नवाचारों के साथ पुस्तक मेला के आयोजन की कामना की तथा नागरिकों से भी आव्हान किया कि वे पुस्तक मेला के भव्य आयोजन में सहभागी बनने और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें।



# आयुध निर्माणी जबलपुर को मिला पिकॉक नेशनल क्वालिटी अवॉर्ड

**देश की 41 आयुध निर्माणियों में नंबर 1 पर रही आयुध निर्माणी जबलपुर**

**अधिकारी-कर्मचारियों में खुशी का माहौल**

**नवभारत,जबलपुर।** रविवार को संपूर्ण देश की 41 आयुध निर्माणियों में से आयुध निर्माणी जबलपुर को गोल्डन पिकॉक नेशनल क्वालिटी अवार्ड से नवाजा गया है। इसकी रविवार को घोषणा की गई है। राष्ट्रीय स्तर के इस अवार्ड को मिलने से आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकारी, कर्मचारियों के खेमे में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर ये पुरूस्कार देश की सबसे बेहतर आयुध निर्माणी को दिया जाता है। और जबलपुर आयुध निर्माणी को अवार्ड मिलते ही निर्माणी में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के सीने चौड़े हो गए हैं। इस उपलब्धि को कर्मचारी अपने आप को बहुत बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं।




# बैठक में कांग्रेस को मजबूत बनाने किया गया मंथन

**नवभारत,जबलपुर।** संगठन सृजन अभियान के तहत कैंट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंट वार्ड नं. 2,5,6 की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे ने की। बैठक में वार्ड के सभी वरिष्ठ एंव कार्यकर्ताओं की सहमति से मण्डलम का नाम पूर्व विधायक स्व. दिनेश मिश्रा के नाम प्रस्तावित किया गया। इस दौरान मंडलम / वार्ड अध्यक्ष के लिए प्रकाश सोनी के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया ,साथ ही वार्ड के सभी साथियों ने अपने वार्ड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में कैंट ब्लॉक अध्यक्ष पवन कनोजिया के संयोजन में साथ ही अकबर खान , हिमांशु मिश्रा , श्रीमति हुसैन बी, आनन्द चौकसे , राजेश अहिरवार ,सहित वार्ड के अनेकों कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### आज शाम व 7 अप्रैल को दोनों समय जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**नवभारत,जबलपुर।** सोमवार और मंगलवार को दोनों समय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आनंद नगर टैंक में डक फुट बैंड 600 एम.एम. के बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते 6 अप्रैल को सांयकाल एवं दिनांक 7 अप्रैल को दोनों समय आनंद नगर टैंक से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने खेद व्यक्त किया है।

### महिला ने लगाई फांसी

**जबलपुर ।** मझोली थाना अंतर्गत लडोई में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर बबलू सिंह राज गौड 48 वर्ष निवासी ग्राम लडोई मझोली ने सूचना दी कि सुबह लगभग 9-30 बजे उसकी भांजी श्रीमति प्रियंका गौड़ 28 वर्ष निवासी लडोई ने अपने घर में लगे सीलिंग फैंन में चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली जिसे सरकारी अस्पताल मझोली लेकर आये जहॉ डाक्टर ने चैक कर भांजी श्रीमति प्रियंका गौड को मृत घोषित कर दिया।

### शराबी ने अधिवक्ता को पीटा

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत अमखेरा पुरानी बस्ती शिव मंदिर के पास शराब पीने के लिए रूपए की मांग पूरी न होने पर शराबी ने अधिवक्ता के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक अमित कुमार खरे 49 वर्ष निवासी अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है। अमखेरा पुरानी बस्ती शिव मंदिर के पास मोहल्ले का आनंद कोरी शराब के नशे में मिला और उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो आनंद कोरी उसके साथ झूमाझपटी कर हाथ मुक्कों से मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### कलयुगी पुत्र ने पिता का फोड़ दिया सिर

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत मनियारीकला में कलयुगी पुत्र ने पिता पर डंडे से हमला कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को सुरेश कुमार पटेल 56 वर्ष निवासी ग्राम मनियारी कला पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात खाना खाकर अपने घर में सो रहा था रात में लाईट गोल होने से गर्मी होने से टहलने के लिये रोड़ पर निकला था रात लगभग 3 बजे पंजाब सिंध बैंक के पास मनियारीकला पहुँचा तभी उसका लड़का आशीष पटेल आकर बोला कि मेरे घर की लाईट क्यों कटी है तो उसने कहा उसे नहीं पता है इसी बात पर उसका लड़का आशीष पटेल उसके साथ विवाद करते हुये डंडा से हमलाकर सिर माथा दाहिने हाथ में चोट पहुँचा दी ।

### युवा नेतृत्व को मिली जिम्मेदारी



**जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर के कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में समाज के वरिष्ठ सजातीय जनों, मातृशक्ति एवं युवा साथियों की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी चौरसिया दिवस समारोह 2026 के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से युवा साथी भाई राहुल रमेश चौरसिया को चौरसिया दिवस समारोह 2026 का संयोजक मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित सभी समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कार्यक्रम भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजित होगा। बैठक का समापन समाज की एकता, सहयोग एवं संगठन को और सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# मंदिर के पास संचालित शराब दुकान को हटाया जाए

**नवभारत,जबलपुर।** गोहलपुर क्षेत्र के रद्दी चौकी स्थित मरही माता मंदिर के पास संचालित शराब दुकान को हटाने का विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं ने कलेक्टर के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मंदिर के पास स्थित शराब दुकान को जल्द से जल्द हटाया जाए।



ज्ञापन में ये भी आरोप लगाया गया कि मंदिर से महज 10 फीट दूरी पर शराब दुकान संचालित हो रही है, जिससे क्षेत्रीय लोगों, महिलाओं और श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद एडवोकेट सैय्यद ताहिर अली ने बताया कि इस शराब दुकान का लंबे समय से क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। विरोध के बाद शासन द्वारा दुकान को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया था और इसके लिए गोहलपुर थाने से 200 मीटर की परिधि या अमखेरा रोड स्थित मालगुजार परिसर तक का नया स्थल तय किया गया था। इसके बावजूद 1 अप्रैल से अब तक दुकान पुराने स्थान पर ही संचालित हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि यह शासन द्वारा बनाए गए नियमों के खिलाफ है और इससे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### प्रशासन को दी गई चेतावनी

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में आने-जाने वाली महिलाओं और श्रद्धालुओं को शराब दुकान के आसपास होने वाली अभद्रता, अशोभनीय हरकतों और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ता है। इससे धार्मिक स्थल का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि दुकान को तत्काल निर्धारित नए स्थल पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि शासन के नियमों का पालन हो सके और क्षेत्रीय लोगों को राहत मिल सके ।साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे के भीतर दुकान नहीं हटाई गई तो क्षेत्रीय नागरिक अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे और दोषी अधिकारियों के खिलाफ उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी। इस दौरान जिला बार सचिव एडवोकेट ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एडवोकेट अंकुश चौधरी, एडवोकेट दीपांशु मिश्र, गोपाल लोधी, शैलेश रजक, मुकेश चौधरी और नीरज पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पाटन और कटंगी में अगल-अगल सड़क हादसों में आठ घायल

**जबलपुर ।** पाटन एवं कटंगी थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । पाटन पुलिस ने बताया कि अमित पटेल 19 वर्ष निवासी ग्राम मोहला थाना सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि रविवार को वह एवं उसके पिता द्वारका प्रसाद पटेल अपने साथी प्रेमलाल कोरी के साथ रिश्तेदारी में ग्राम महुआखेडा पाटन आये थे, वह अपनी मोटर सायकिल से एवं उसके पिता दूसरी मोटर सायकिल




से अपने साथी के साथ वापस लौट रहे थे दोपहर लगभग 3-50 बजे भौरदा मोड के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एम 6380 का चालक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये उसके पिता की मोटर सायकिल मे टक्कर मारते हुये पास खडे एक अन्य लडके को भी टक्कर मार दिया जिससे तीनों को चोटे आ गयी, घायल लडके ने अपना नाम विनोद साहू निवासी जबलपुर बताया।

### कार की टक्कर से ई रिक्शा पलटा

इसी प्रकार कटंगी थाने में संतोष कुमार साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम पटोरी थाना रीठी जिला कटनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि रविवार को वह एवं उसके पिता राजकुमार साहू, जगन्नाथ राय, गोविंद लोधी और महेश प्रसाद लोधी सभी संजीवनी नगर के ई रिक्शा एमपी 20 जेडएफ8250 से मजदूरी करने ग्राम पौडी जा रहे थे वह ई रिक्शा चला रहा था लगभग 10-30 बजे ग्राम कुसली मेन रोड पर पहुंचे तभी जबलपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 8631 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पीछे से ई रिक्शा मे टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा पलट गया सभी को चोटे आ गयी।

### बदमाशों ने युवक को बेहरमी से पीटा, हालत नाजुक



**जबलपुर ।** खमरिया थाना अंतर्गत विज्ञानशाला स्कूल के आगे बदमाशों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक श्रीमति सीमा पाण्डे 35 वर्ष निवासी प्रेमनगर पिपरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति सुरेन्द्र पाण्डे काम करके दोपहर लगभग 1 बजे लंच के लिये घर आ रहे थे । विज्ञानशाला स्कूल के आगे भट्टा मोहल्ला में पप्पी साहू, जानू, गुल्लू, सूरज यादव, अद्दू मिले और पुराने विवाद को सभी हाथ मुक्का डंडा राड पत्थर से मारपीट किए और भाग गए ।

### तीन अस्पतालों से रेफर, निजी में भर्ती

सीमा के मुताबिक पति को गंभीर अवस्था में रांझी अस्पताल लेकर गये जहां विक्टोरिया अस्पताल रेफर कर दिया था विक्टोरिया अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर करने पर पति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**अभियान** | जल गंगा संवर्धन अभियान : जल संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

# पानी की हर एक बूंद कीमती है, आज का जल संचय ही सुरक्षित कल की बुनियाद बनेगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड कुंडेश्वर धाम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जल संगोष्ठी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित इस विशेष जल संगोष्ठी की अध्यक्षता जन अभियान परिषद् के संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित त्रिवेणी हॉस्पिटल जबलपुर की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुश्री जामदार ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व से अवगत कराया। डॉ. जामदार ने शारीरिक एवं बाह्य स्वच्छता के

साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को पेयजल स्वच्छ



करने हेतु निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संभाग समन्वयक श्री रवि बर्मन ने जल संरक्षण और संवर्धन के

लिए समाज में व्यापक जागरूकता की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में भू- जल स्तर का लगातार गिरना एक गंभीर चेतावनी है और यदि हमें भविष्य के जल संकट से बचना है, तो अपनी दैनिक आदतों में सुधार करना होगा। उन्होंने नल बंद रखने, वर्षा जल संचय और जल जागरूकता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए संदेश दिया कि पानी की हर एक बूंद कीमती है और

आज का जल संचय ही हमारे सुरक्षित कल की बुनियाद बनेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन विकासखण्ड समन्वयक विवेक मिश्रा द्वारा किया गया, जिसमें प्रबुद्ध नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की।